# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**

(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**केमाशिबो/शैक्षणिक /उस(मंसिं)/2023** | **दिनांक : 06.04.2023**

**परिपत्र संख्या: शैक्षणिक-47/2023**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: विद्यांजलि कार्यक्रम के संबंध में।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

जैसा कि आपको विदित है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति में समुदाय के साथ-साथ निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत में शिक्षा के सभी स्तरों में परिवर्तनकारी बदलाव की परिकल्पना करती है। विद्यांजलि पहल देश भर में समुदाय, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से विद्यालयों को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

*विद्यांजलि,* पोर्टल (https://vidyanjali.education.gov.in) के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है जिसे स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित किया गया है, जहां भारत का कोई भी नागरिक/भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ)/भारत में पंजीकृत संगठन प्रत्यक्ष रूप से सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों से जुड़ सकते हैं, और सेवाओं/गतिविधियों/संपत्ति/सामग्री/उपकरण आदि के रूप में अपना योगदान दे सकते हैं। विद्यांजलि का उद्देश्य है योगदानकर्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से विद्यालय से जोड़कर सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करना है। इसके माध्यम से सरकार के अतिरिक्त उपलब्ध क्षमता का उपयोग करके विद्यालयों में ज्ञान/कौशल/मानव संसाधन की कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने विद्यांजलि के अंतर्गत एक परामर्शदाता (मेंटर)/(शिक्षार्थी) मेंटी पहल की शुरूआत की है, जिसे ट्विनिंग ऑफ स्कूल भी कहा जाता है। यह पहल शैक्षणिक और संपत्ति/विषय-सामग्री/उपकरण संबंधी गतिविधियों में सहयोग व योगदान देकर विद्यालयों को अन्य विद्यालयों का संरक्षक या प्रशिक्षु (विद्यालय की पसंद के आधार पर) बनने में सक्षम बनाती है। चूंकि पहल गतिविधियों पर आधारित है, अत: पहल के अंतर्गत विद्यालय की भागीदारी अल्प या दीर्घ अवधि की हो सकती है। भाग लेने वाले विद्यालयों के बीच गतिविधि की तिथि और समय सहमति पर आधारित है और यह पूर्णतया स्वैच्छिक है।

विद्यांजलि कार्यक्रम की सूचना विवरणिका निम्न लिंक पर उपलब्ध है:
https://vidyanjali.education.gov.in/assets/pdf/VidyanjaliBrochure.pdf

विस्तृत दिशानिर्देश निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं:

https://vidyanjali.education.gov.in/assets/pdf/Final_Guidelines_Vidyanjali_%20December.pdf

विद्यालयों से अनुरोध है कि वे विद्यांजलि कार्यक्रम में भाग लेकर इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और साथ ही

आसपास के क्षेत्र में कम से कम 1 या 2 विद्यालयों को परामर्श भी दें । इसके अतिरिक्त, हितधारकों को भी विद्यांजलि कार्यक्रम में स्वेच्छा से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

शुभकामनाओं सहित

**डॉ. जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**नीचे दर्शाए अनुसार निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के संबंधित प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के तहत सभी विद्यालयों को सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रतिलिपि**:

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, संस्थागत क्षेत्र, नोएडा- 201309
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
4. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), संघ शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़-160017
5. निदेशक (परीक्षा और विद्यार्थी वृत्ति), मानव संसाधन विकास विभाग, गंगटोक, सिक्किम सरकार, सिक्किम-737101
6. माध्यमिक शिक्षा निदेशक, शिक्षा विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111।
7. निदेशक (शिक्षा), शिक्षा निदेशालय वीआईपी रोड, अंडमान और निकोबार द्वीप, पोर्ट ब्लेयर – 744103
8. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101, 102 भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल-लद्दाख
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश पिन: 521456
10. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन, ए-विंग, डॉ राजेंद्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली -110001
11. संयुक्त सचिव (बीआर/सीईआर/सैनिक विद्यालय), सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 108 (आई), साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001।
12. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन (ओएवीएस), एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली।
14. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली -110001।

15. निदेशक एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस परिपत्र को किसी भी क्षेत्र में बोर्ड के संबद्ध विद्यालयों के सभी प्रमुखों को भेजने के अनुग्रह के साथ
17. सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सहायक सचिव / वरिष्ठ निजी सचिव / विश्लेषक, केमाशिबो
18. सभी प्रमुख/ प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
19. इस परिपत्र को केमाशिबो की शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने की मांग के साथ प्रभारी आईटी इकाई
20. प्रभारी, पुस्तकालय
21. प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क), केमाशिबो
22. अध्यक्ष , केमाशिबो के उप सचिव
23. सचिव, केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
24. निदेशक (शैक्षणिक), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
25. निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), केमाशिबो को वरिष्ठ निजी सचिव
26. परीक्षा नियंत्रक, केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
27. निदेशक (कौशल शिक्षा), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
28. निदेशक (व्यावसायिक परीक्षा), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
29. निदेशक (प्रशिक्षण), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
30. निदेशक (सीटीईटी), केमाशिबो के प्रधान निजी सचिव
31. निदेशक (एडुसैट), केमाशिबो के वरिष्ठ निजी सचिव
32. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**